# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चड़ीगाँव, पौड़ी गढ़वाल

## जनपद स्तरीय बाल प्रोजेक्ट मेला 2025

(जिज्ञासा से ज्ञान, ज्ञान से आविष्कार)

**स्थानः** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चड़ीगाँव, पौड़ी गढ़वाल।

**अध्यक्षता**– श्री अरविंद सिंह, प्रभारी प्राचार्य, डायट चड़ीगाँव, पौड़ी गढ़वाल।

**समन्वयकर्त्ता**– श्रीमती संगीता डोभाल एवं श्रीमती शालिनी भट्ट।




आज दिनांक 19.12.2025 को बहुद्देशीय हॉल, डायट चड़ीगाँव में जनपद स्तरीय बाल मेला 2025 का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रभारी प्राचार्य श्री अरविंद सिंह की अध्यक्षता, श्रीमती संगीता डोभाल के नेतृत्व एवं शालिनी भट्ट के कुशल समन्वयन में जनपद के विभिन्न विकास खंड़ों के छात्र–छात्राओं ने गणित, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान के ज्वलंत, नवोन्मेषी तथा नवाचार आधारित विषयों पर अपने मार्गदर्शक शिक्षकों की मदद से विभिन्न प्रोजक्ट, स्टॉल प्रस्तुत किये। सभी प्रतिभागियों ने प्रोजेक्टस के माध्यम से अपनी

प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें उनके द्वारा नवीन एवं रूचिकर तकनीकों का समावेशन किया हुआ था।





प्रोजेक्ट में **'गणित को खेल–खेल में कैसे सीखें**', **'विज्ञान हमारे चारों ओर**', **'प्राकृतिक आपदाएं और हम'** प्रमुख विषय रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केंद्र डीएलएड प्रशि क्षुओं द्वारा लगाए गए समोसा चाट, पानी पूरी और नुमाइशी खेलों के स्टॉल बने रहे, जिन्होंने दर्शक दीर्घा का ध्यान अपनी ओर खींचे रखा।





प्रतियोगिता के विभिन्न श्रेणियों यथा गणित में प्रथम स्थान वि0ख0 खिर्सू, द्वितीय स्थान वि0ख0 दुगड्डा और तृतीय स्थान वि0ख0 पाबौ को प्राप्त हुआ।

विज्ञान में प्रथम स्थान वि0ख0 दुगड्डा, द्वितीय स्थान वि0ख0 पौड़ी और तृतीय स्थान वि0ख0 कोट को प्राप्त हुआ।

वहीं  सामाजिक विज्ञान में प्रथम स्थान वि0ख0 दुगड्डा, द्वितीय स्थान वि0ख0 पोखड़ा और तृतीय स्थान वि0ख0 कल्जीखाल को प्राप्त हुआ।










कार्यक्रम के समापन के अवसर पर डायट प्राचार्य श्री अरविंद जी ने राष्ट्र के उत्थान एवं सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के क्रम में छात्रों से अपने पठन–पाठन में नवाचार एवं 21वीं सदी के कौशलों को अपनाने की अपेक्षा की। उनके द्वारा सभी विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र तथा सभी प्रतिभागी छात्रों को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



## नवाचारी प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में खिर्सू प्रथम

संवाद सहयोगी, जागरण • श्रीनगर गढ़वाल : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) चड़ीगांव में जनपद स्तरीय प्रोजेक्ट आधारित बाल मेला 2025 आयोजित किया गया। मेले में पौड़ी जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों पर आधारित अपने-अपने नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के गणित विषय में खिर्सू ब्लाक ने पौड़ी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दुगड्डा ने दूसरा और पाबौं ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विज्ञान विषय में दुगड्डा ब्लाक ने प्रथम, पौड़ी ने दूसरा और कोट ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सामाजिक विज्ञान में दुगड्डा प्रथम, पोखड़ा ने दूसरा और कल्जीखाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

डायट चड़ीगांव में आयोजित बाल मेला कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रतियोगिता की समन्वयक संगीता डोभाल ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली में प्रोजेक्ट आधारित बाल मेलों की आवश्यकता और उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

शिव कुमार भारद्वाज, डा. प्रमोद कुमार नौडियाल, कुंजविहारी सकलानी, संतोष कुमार सिंह, भूपेन्द्र सिंह नेगी एवं संतोष बिष्ट प्रतियोगिताओं के निर्णायक थे। डायट प्राचार्य डा. अरविंद ने कहा कि शिक्षा में नवाचार एवं बाल मेलों के आयोजन से छात्र-छात्राओं का रचनात्मक विकास भी होता है। ऐसे मेला शिक्षण कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक होते हैं। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम सहसमन्वयक शालिनी भट्ट ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

विजेता प्रतिभागी छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि • जागरण



बाल मेला के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। स्रोत : संस्थान

## गणित प्रोजेक्ट में खिर्सू विकासखंड ने मारी बाजी

### जनपदस्तरीय प्रोजेक्ट आधारित बाल मेले का हुआ आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रीनगर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पौड़ी गढ़वाल चड़ीगांव में शुक्रवार को जनपदस्तरीय प्रोजेक्ट आधारित बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में पौड़ी जनपद के विभिन्न विकासखंडों के छात्रों ने प्रतिभाग किया।

छात्रों ने गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषय के विभिन्न विषयों पर नवाचारी प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए। प्रतियोगिता में गणित प्रोजेक्ट ...

स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम समन्वयक संगीता डोभाल ने प्रतियोगिता के नियम और प्रोजेक्ट बाल मेले की वर्तमान शिक्षा प्रणाली में आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम सह समन्वयक शालिनी भट्ट ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। निर्णायक मंडल में ...

इस अवसर पर श्री डॉ0 शिव कुमार भारद्वाज, डॉ0 प्रमोद कुमार नौडियाल, श्री कुंज विहारी सकलानी, श्री संतोष कुमार सिंह, श्री भूपेन्द्र सिंह नेगी और श्री संतोष बिष्ट एवं अन्य डायट प्रशिक्षु उपस्थित रहे।